**भारत सरकार**

**सूक्ष्म,लघु औरमध्यमउद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 900**

**उत्तार देने की तारीख 21.11.2019**

**''प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम''**

900. श्री वाई॰एस॰ अविनाश रेड्डीः
श्रीमती अपराजिता सारंगीः
श्री कृपाल बालाजी तुमानेः
डॉ. निशिकांत दुबेः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यहबताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने एमएसएमई की बेहतरी हेतु 2 नवंबर, 2018 को प्रधनमंत्री रोजगार सृजनकार्यक्रम (पीएमईजीपी) की शुरुआत की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पीएमईजीपी के उद्देश्यों को और आगेबढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैंऔर क्या इस दिशा में किन्हीं नई योजनाओं की घोषणा की गई है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पीएमईजीपी में कार्यान्वियन से देश में राज्य-वार और विशेषतः उड़ीसा के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सृजित कुल रोजगार का ब्यौरा क्या है;

(घ) योजना के तहत लोगों को प्रदत्त सहायताका ब्यौरा क्या है;

(ङ) कार्यक्रम हेतु बजटीय आवंटन और अबतक व्यय की गई धनराशि की मात्रा का राज्य/संघराज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(च) कृषि और ग्रामीण उद्योग के विकासहेतु सरकार द्वारा क्या कदम प्रस्तावित हैं और उक्तकार्यक्रम से लाभान्वित होने वाले गांवों की संभावित संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और

(छ) गत दो वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान पीएमईजीपी के तहत रोजगार करनेवाले अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**

**(श्री नितिन गडकरी)**

(क) और (ख): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय वर्ष 2008 से देश में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग राष्ट्रीय स्तर पर नोडल कार्यान्वयन एजेंसी है। यह स्कीम सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, चयनित निजी क्षेत्र के बैंकों और सहकारी बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जी रही है। इस स्कीम के अंतर्गत बैंक ऋण प्रदान करते हैं और केवीआईसी के माध्यम से एमएसएमई मंत्रालय द्वारा मार्जिन मनी सब्सिडी प्रदान की जा रही है। पीएमईजीपी के अंतर्गत वित्तपोषण के लिए पात्र परियोजना की अधिकतम लागत विनिर्माण क्षेत्र में 25.00 लाख रू. और सेवा क्षेत्र में 10.00 लाख रू. है।

इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2018-19 से एमएसएमई मंत्रालय ने विद्यमान पीएमईजीपी/मुद्रा इकाइयों के विस्तार/उन्नयन के लिए दूसरी वित्तीय सहायता प्रदान करके पीएमईजीपी के अंतर्गत एक नया घटक भी आरंभ किया गया है। इस घटक के अंतर्गत, 15 % की सब्सिडी के साथ (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य के लिए 20%) विनिर्माण इकाई के लिए 1.00 करोड़ रू. तक ऋण तथा सेवा/व्यापार इकाई के लिए 25.00 लाख रू. तक ऋण लिया जा सकता है।

(ग): ओडिशा और सभी अन्य राज्यों में पीएमईजीपी के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों सहित सृजित रोजगार की कुल संख्या अनुबंध-में दी गई है।

(घ): यह स्कीम एक क्रेडिट संबद्ध सब्सिडी स्कीम है। इस स्कीम के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति बैंकों से ऋण और निम्नलिखित श्रेणीबद्ध रूप में केवीआईसी से 15% से 35% तक मार्जिन मनी सब्सिडी ले सकता है।

| पीएमईजीपी के अंतर्गत लाभार्थियों की श्रेणियां | लाभार्थी का स्वयं का अंशदान (परियोजना लागत पर) | सब्सिडी की दर (परियोजना लागत पर) | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र (परियोजना/इकाई का स्थान) | | शहरी | ग्रामीण |
| सामान्य श्रेणी | 10% | 15% | 25% |
| विशेष श्रेणी (अनु.जाति/अनु. जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिलाएं/पूर्व सैनिक/ दिव्यांगजन/पूर्वोत्तर क्षेत्र, पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्र आदि सहित) | 05% | 25% | 35% |

(ङ): पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष (15.11.2019 तक) में कार्यक्रम के लिए बजटीय आबंटन (मार्जिन मनी सब्सिडी) और प्रयुक्त निधि की मात्रा निम्नानुसार है:

| वर्ष | **बजटीय आबंटन** (मार्जिन मनी सब्सिडी) (करोड़ रू. में) | **संवितरित मार्जिन मनी** (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|
| 2017-18 | 1004.49 | 1312.40 |
| 2018-19 | 2068.80 | 2070.00 |
| 2019-20 (15.11.2019 की स्थिति के अनुसार) | 2247.10 | 873.99 |

(च): यह स्कीम कृषि आधारित फसल कटाई बाद (पोस्ट हार्वेस्टिंग) तथा अन्य ग्रामीण उद्योग के लिए लागू है। इन कार्यकलापों के विकास के लिए उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं

- पीएमईजीपी स्कीम के अंतर्गत मार्जिन मनी में पारदर्शिता और शीघ्र संवितरित लाने के लिए एमएसएमई मंत्रालय ने वित्तपोषण बैंक शाखाओं को सीधे ऑनलाइन मार्जिन मनी संवितरण आरंभ किया है।
- पीएमईजीपी के अंतर्गत ईडीपी प्रशिक्षण अनिवार्य है जिसमें वित्त, उत्पादन, विपणन, उद्यम प्रबंधन, बैंक औपचारिकताएं, बुक कीपिंग तथा सफल ग्रामीण उद्यमियों,बैंकों के साथ संवाद और क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से अभिमुखीकरण जैसे विभिन्न प्रबंधकीय और परिचालन कार्यों से संबंधित अभिमुखीकरण और जागरूकता शामिल हैं।
- दिनांक 22.10.2019 से एक ईडीपी ऑनलाइन प्रशिक्षण पोर्टल और मोबाइल एप भी डिजाइन, विकसित किया गया है और उसे लाईव बनाया गया है।
- पीएमईजीपी स्कीम के अंतर्गत कृषि उत्पादों का मूल्यवर्धन और कृषि से संबंधित कार्यकलापों को कवर किया जाता है।
- प्रशिक्षण केन्द्र प्रशिक्षुओं को आरंभिक समस्याओं के निवारण, ऋण की स्वीकृति के लिए पथ प्रदर्शन सेवाएं प्रदान करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इकाइयां जमीनी स्तर परठीक से चल रही हैं।
- आवश्यक पथ-प्रदर्शन और मॉनीटरिंग सहायता प्रदान करने के लिए एनएसआईसी, एमएसएमई-डीआई और टूल रूमों का साथ।
- सूक्ष्म उद्यमों के विकास के लिए पीएमईजीपी स्कीम के प्रचार के उद्देश्य सेसभी स्तरों पर जागरूकता कैम्पों, कार्यशालाओं, बैंकरों की बैठकें और प्रदर्शनियां आयोजित की जा रही हैं।
- सभी इकाइयों की जियो-टैगिंग प्रक्रियाधीन है।

पीएमईजीपी स्कीम के अंतर्गत ग्राम-वार लक्ष्यनिर्धारित नहीं किएजाते हैं। तथापि, सभी गांवों को स्कीम के अंतर्गत कवर किया जाता है और गांवों में नई इकाई स्थापित की जा सकती है। मंत्रालय प्रत्येक जिले को आबंटित न्यूनतम 75 परियोजनाओं के साथ राज्य-वार लक्ष्य निर्धारित करता है।

(छ): पिछले प्रत्येक दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिलाओं की संख्या जिन्होंने रोजगार प्राप्त किया, उनका राज्य-वार ब्योरा**अनुबंध -II** में दिया गया है।

******

अनुबंध-I

**दिनांक 21.11.2019 को उत्तंर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्नत संख्या 900 के भाग (ग) के उत्त्र में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमईजीपी के अंतर्गत वित्त वर्ष 2016-17 से 2019-20 तक (15.11.2019 की स्थिति के अनुसार ) राज्य -वार कुल रोज**

| क्र.सं . | राज्य केन्द्र/शासित प्रदेश | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 (15.11.2019 की स्थिति के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जम्मू और कश्मीर | 11691 | 30024 | 60232 | 18480 |
| 2. | हिमाचल प्रदेश | 6916 | 7088 | 11192 | 5640 |
| 3. | पंजाब | 9858 | 12160 | 14408 | 6784 |
| 4. | केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ | 376 | 360 | 224 | 72 |
| 5. | हरियाणा | 11016 | 13744 | 17320 | 7136 |
| 6. | दिल्ली | 952 | 920 | 1056 | 376 |
| 7. | राजस्थान | 13408 | 12616 | 18872 | 9520 |
| 8. | उत्तराखंड | 9890 | 12904 | 17448 | 5640 |
| 9. | उत्तर प्रदेश | 36315 | 43456 | 41944 | 19200 |
| 10. | छत्तीसगढ़ | 12856 | 11704 | 24752 | 9056 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 15520 | 14432 | 20208 | 5888 |
| 12. | सिक्किम | 201 | 296 | 440 | 264 |
| 13. | अरुणाचल प्रदेश | 1984 | 1672 | 2240 | 896 |
| 14. | नागालैंड | 7783 | 7440 | 9664 | 2024 |
| 15. | मणिपुर | 8419 | 4800 | 10328 | 2728 |
| 16. | मिजोरम | 3400 | 1992 | 8984 | 2152 |
| 17. | त्रिपुरा | 17961 | 8928 | 9432 | 1888 |
| 18. | मेघालय | 2632 | 600 | 3120 | 1080 |
| 19. | असम | 31498 | 18256 | 29896 | 7376 |
| 20. | बिहार | 25872 | 18456 | 26424 | 6488 |
| 21. | पश्चिम बंगाल | 26604 | 10928 | 19304 | 8864 |
| 22. | झारखंड | 10400 | 8888 | 14376 | 4112 |
| **23.** | **ओडिशा** | **20392** | **19192** | **24560** | **7080** |
| 24. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1398 | 1744 | 1832 | 232 |
| 25. | गुजरात | 11629 | 15008 | 28000 | 19808 |
| 26. | महाराष्ट्र | 17799 | 26632 | 45136 | 17704 |
| 27. | गोवा | 660 | 400 | 624 | 344 |
| 28. | आंध्र प्रदेश | 14148 | 12216 | 17760 | 8888 |
| 29. | तेलंगाना | 6445 | 9520 | 16408 | 8480 |
| 30. | कर्नाटक | 30286 | 16920 | 29256 | 14344 |
| 31. | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32. | केरल | 13068 | 10776 | 19888 | 8664 |
| 33. | तमिलनाडु | 25764 | 32760 | 41480 | 18288 |
| 34. | पुडुचेरी | 699 | 352 | 608 | 280 |
|  | कुल योग | 407840 | 387184 | 587416 | 224136 |

अनुबंध-II

**दिनांक 21.11.2019 को उत्तदर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 900 के भाग (छ) के उत्त में उल्लिखित अनुब**

**पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (15.11.2019 की स्थिति के अनुसार ) के दौरान पीएमईजीपी के तहत अ.जा./अ.ज.जा.**

**महिला श्रेणियों के अंतर्गत सृजित रोजगारों की संख्या**

(संख्या व्यक्तियों में)

| पीएमईजीपीके अंतर्गत सृजित रोजगार | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | 2016-17 | | | 2017-18 | | | 2018-19 | | | 2019-20 (15.11.2019की स्थिति के अनुसार) | | |
| | | अ.जा. | अ.जा.ज. | महिलाएं | अ.जा. | अ.जा.ज. | महिलाएं | अ.जा. | अ.जा.ज. | महिलाएं | अ.जा. | अ.जा.ज. | महिलाएं |
| I. उत्तर क्षेत्र | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 419 | 853 | 3007 | 1400 | 1840 | 9504 | 1816 | 4520 | 19592 | 14528 | 36160 | 156736 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 2423 | 1076 | 1341 | 2288 | 928 | 2424 | 3216 | 1096 | 4224 | 25728 | 8768 | 33792 |
| 3 | पंजाब | 2435 | 273 | 3506 | 3920 | 64 | 4640 | 4200 | 8 | 5624 | 33600 | 64 | 44992 |
| 4 | केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ | 57 | 0 | 114 | 80 | 0 | 144 | 48 | 0 | 104 | 384 | 0 | 832 |
| 5 | हरियाणा | 1907 | | 1909 | 2864 | 24 | 3376 | 3512 | 0 | 4376 | 28096 | 0 | 35008 |
| 6 | दिल्ली | 152 | 0 | 336 | 144 | 8 | 344 | 128 | 0 | 432 | 1024 | 0 | 3456 |
| 7 | राजस्थान | 2102 | 725 | 2834 | 1632 | 1192 | 2696 | 2000 | 1776 | 4192 | 16000 | 14208 | 33536 |
| | कुल- I | 9495 | 2927 | 13047 | 12328 | 4056 | 23128 | 14920 | 7400 | 38544 | 119360 | 59200 | 308352 |
| II. केन्द्रीय क्षेत्र | | | | | | | | | | | | 0 | 0 |
| 8 | उत्तराखंड | 3197 | 666 | 2176 | 2752 | 512 | 2616 | 3080 | 496 | 3992 | 24640 | 3968 | 31936 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 4637 | 871 | 9685 | 5624 | 128 | 11936 | 5584 | 64 | 11464 | 44672 | 512 | 91712 |
| 10 | छत्तीसगढ़ | 1538 | 1395 | 2798 | 1384 | 1168 | 2616 | 2632 | 2704 | 5808 | 21056 | 21632 | 46464 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 1360 | 776 | 3392 | 944 | 680 | 4144 | 1440 | 1144 | 5904 | 11520 | 9152 | 47232 |
| | कुल -II | 10732 | 3708 | 18051 | 10704 | 2488 | 21312 | 12736 | 4408 | 27168 | 101888 | 35264 | 217344 |
| III. पूर्वोत्त्र क्षेत्र | | | | | | | | | | | | 0 | 0 |
| 12 | सिक्किम | 3 | 32 | 27 | 24 | 120 | 120 | 40 | 216 | 216 | 320 | 1728 | 1728 |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 1984 | 760 | 8 | 1664 | 688 | 8 | 2216 | 792 | 64 | 17728 | 6336 |
| 14 | नागालैंड | 0 | 7783 | 1539 | 40 | 7392 | 3416 | 32 | 9632 | 4280 | 256 | 77056 | 34240 |
| 15 | मणिपुर | 168 | 3101 | 1784 | 168 | 1528 | 1896 | 352 | 4816 | 4264 | 2816 | 38528 | 34112 |
| 16 | मिजोरम | 0 | 3400 | 1280 | 0 | 1992 | 1072 | 16 | 8936 | 4336 | 128 | 71488 | 34688 |
| 17 | त्रिपुरा | 3469 | 2390 | 3531 | 1192 | 1704 | 2088 | 1328 | 1640 | 1984 | 10624 | 13120 | 15872 |
| 18 | मेघालय | 40 | 1992 | 1136 | 0 | 584 | 248 | 16 | 2696 | 1008 | 128 | 21568 | 8064 |
| 19 | असम | 3160 | 6135 | 6702 | 1896 | 4448 | 4648 | 2360 | 5912 | 7992 | 18880 | 47296 | 63936 |
| | कुल- III | 6840 | 26817 | 16759 | 3328 | 19432 | 14176 | 4152 | 36064 | 24872 | 33216 | 288512 | 198976 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IV. पूर्व क्षेत्र | | | | | | | | | | | | 0 | 0 |
| 20 | बिहार | 3256 | 464 | 7320 | 2872 | 432 | 5176 | 2744 | 544 | 6888 | 21952 | 4352 | 55104 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 3155 | 265 | 5993 | 1608 | 360 | 3248 | 2624 | 224 | 6480 | 20992 | 1792 | 51840 |
| 22 | झारखंड | 1259 | 1104 | 2336 | 672 | 752 | 1720 | 1360 | 1280 | 3424 | 10880 | 10240 | 27392 |
| 23 | ओडिशा | 3564 | 1363 | 6594 | 3272 | 1184 | 6216 | 3152 | 1208 | 9480 | 25216 | 9664 | 75840 |
| 24 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 63 | 143 | 0 | 96 | 304 | 0 | 144 | 408 | 0 | 1152 | 3264 |
| | कुल -IV | 11234 | 3259 | 22386 | 8424 | 2824 | 16664 | 9880 | 3400 | 26680 | 79040 | 27200 | 213440 |
| V.पश्चिम क्षेत्र | | | | | | | | | | | | 0 | 0 |
| 25 | गुजरात | 1441 | 1353 | 4827 | 1560 | 1456 | 8136 | 2120 | 1112 | 19056 | 16960 | 8896 | 152448 |
| 26 | महाराष्ट्र | 3004 | 317 | 6093 | 5392 | 904 | 8632 | 9208 | 1464 | 15720 | 73664 | 11712 | 125760 |
| 27 | गोवा | 0 | 6 | 309 | 0 | 32 | 152 | 24 | 24 | 240 | 192 | 192 | 1920 |
| | कुल -V | 4445 | 1676 | 11229 | 6952 | 2392 | 16920 | 11352 | 2600 | 35016 | 90816 | 20800 | 280128 |
| VI. दक्षिण क्षेत्र | | | | | | | | | | | | 0 | 0 |
| 28 | आंध्र प्रदेश | 1439 | 42 | 7525 | 2032 | 304 | 5752 | 2720 | 616 | 8808 | 21760 | 4928 | 70464 |
| 29 | तेलंगाना | 451 | 416 | 1836 | 912 | 984 | 2960 | 2096 | 1512 | 5344 | 16768 | 12096 | 42752 |
| 30 | कर्नाटक | 4477 | 1039 | 6882 | 3264 | 912 | 4640 | 5464 | 1632 | 8688 | 43712 | 13056 | 69504 |
| 31 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | केरल | 1485 | 176 | 4455 | 1056 | 168 | 4200 | 1808 | 208 | 8416 | 14464 | 1664 | 67328 |
| 33 | तमिलनाडु | 2853 | 64 | 9534 | 3824 | 192 | 15432 | 4256 | 592 | 19704 | 34048 | 4736 | 157632 |
| 34 | पुडुचेरी | 110 | 0 | 200 | 56 | 0 | 168 | 80 | 16 | 232 | 640 | 128 | 1856 |
| कुल -VI | | 10815 | 1737 | 30432 | 11144 | 2560 | 33152 | 16424 | 4576 | 51192 | 131392 | 36608 | 409536 |
| कुल योग | | 53561 | 40124 | 111904 | 52880 | 33752 | 125352 | 69464 | 58448 | 203472 | 555712 | 467584 | 1627776 |